राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड की ओर बकाया देय राशि 128.71 करोड़ रु० थी । इसके अतिरिक्त विलम्ब से भुगतान करने के परिणामस्वरूप अधिभार के रूप में देय बकाया राशि 60.83 करोड़ रु. है । इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा किसी प्रकार की आर्थिक सहायता की परिकल्पना नहीं की गई है ।

भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा मध्य प्रदेश में तेल शोधक कारखाने को स्थापित

3362. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड मध्य प्रदेश में तेलशोधक कारखाना स्थापित करने का विचार रखता है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसे किस स्थान पर स्थापित किया जाएगा ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

टेलीफोन बुक करने के लिए सिक्योरिटी की रकम

3363. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन (पी. सी. ओ.) बुक करवाने के लिए सिक्योरिटी के रूप में 1500 रुपये जमा करवाने पड़ते हैं जबकि सामान्य टेलीफोन बुक करवाने के लिए केवल 1000 रुपये सिक्योरिटी जमा करवानी पड़ती है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार सार्वजनिक टेलीफोन की बुकिंग की सिक्योरिटी राशि को 500 रुपये करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) और (ख) जी नहीं । टेलीफोन कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराते समय आवेदन-पत्र के साथ 1000/– रु. की अग्रिम धनराशि जमा करानी पड़ती है जबकि पी. सी. ओ. मंजूर हो जाने पर प्रतिभूति जमा के बतौर 1000/– रु. लिए जाते हैं ।

(ग) और (घ) जी नहीं । ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है । इस धनराशि को उपकरण की लागत और कॉल प्रभार के लिए प्रतिभूति के रूप में लिया जाता है ।

बी. आई. पी. कोटे से एल. पी. जी. सिलेंडरों को जारी किया जाना

3364. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली, विशेषकर पूर्वी दिल्ली के एल. पी. जी. डीलर एल. पी. जी. सिलिंडर और रेगुलेटर जारी नहीं कर रहे हैं या बी. आई. पी. कोटे से नये एल. पी. जी. कनेक्शनों के लिए इंडियन ऑयल कारपोरेशन द्वारा जारी किए गए प्राथमिकता वाले एल. पी. जी. वाउचरों के धारक व्यक्तियों से सिक्योरिटी राशि स्वीकार नहीं कर रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या कारण है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और